# पुराने विवाद में 14 घायल, अस्पताल में बेड नहीं मिले

## अस्पताल में बेड की कमी के कारण उन्हें इलाज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा





नवभारत न्यूज

**मैहर 25 जून, मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत कहरी गांव में बुधवार की रात जमीन से जुड़े एक पुराने विवाद ने बेहद हिसक रूप अख्तियार कर लिया।**

पानी भरने की मामूली बात से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। इस बर्बर मारपीट में 7 महिलाओं समेत कुल 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है।

**अस्पताल की बदहाली- फर्स पर इलाज करने को मजबूर हुए डॉक्टर-** घटना के तुरंत बाद सभी लहूलुहान पीड़ित किसी तरह जान बचाकर अमरपाटन थाने पहुंचे। थाना प्रभारी विजय सिह पारस्ते ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिना समय गंवाए उन्हें तुरंत शासकीय वाहन और एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय सिविल अस्पताल भिजवाया। परंतु, सिविल अस्पताल पहुंचते ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की एक बेहद चिताजनक और संवेदनशील तस्वीर सामने आई। अस्पताल में अचानक पहुंचे 14 गंभीर मरीजों के लिए पर्याप्त बेड उपलब्ध नहीं थे। बेड की इस भारी किल्लत के कारण डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को मजबूरी में गंभीर रूप से घायल महिलाओं और पुरुषों को अस्पताल के बरामदे और वार्ड के फर्श पर ही लिटाना पड़ा। घायलों को जमीन पर ही लेटी हुई अवस्था में प्राथमिक उपचार दिया गया, पट्टियां बांधी गईं और वहीं पर उन्हें ड्रिप तथा इंजेक्शन लगाए गए।

अमरपाटन सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी 14 घायलों की नाजुक हालत और गहरे जख्मों को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल सतना के लिए रेफर कर दिया है।

### विवादित जमीन पर पानी भरने को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा

पुलिस से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कहरी गांव में रहने वाले बंसल समाज के दो पड़ोसियों के बीच एक जमीन को लेकर लंबे समय से रंजिश और आपसी मनमुटाव चल रहा था। बुधवार की रात करीब 10 बजे, विवादित जमीन पर पानी भरने की बात को लेकर दोनों पक्षों के सदस्य आमने-सामने आ गए। शुरुआत में तीखी कहासुनी हुई, जो चंद मिनटों में ही हिसक झ?प में बदल गई। दोनों तरफ से लोग हाथों में लाठी, डंडे और धारदार हथियार लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक कई लोग लहूलुहान हो चुके थे।

### मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल

मारपीट की इस घटना में दोनों ही पक्षों के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं .प्रथम पक्ष से सरिता बंसल, जितेंद्र, फूलचंद, साक्षी, आरती और प्रिया बंसल घायल हुए हैं। वही दूसरे पक्ष से समीर, बड्डी, सोमबाई, सुरेश, पार्वती, रमेश, मुकेश और तिजियाबाई बंसल को चोटें आई हैं।

### इनका क्या कहना है

अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिह परस्ते ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराना जमीनी विवाद इस खूनी रंजिश की मुख्य वजह है। पानी भरने को लेकर शुरू हुए इस तात्कालिक विवाद पर पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की एक विशेष टीम अस्पताल में घायलों के विस्तृत बयान दर्ज कर रही है, साथ ही घटनास्थल से भी जरूरी साक्ष्य जुटाए गए हैं। घायलों के बयानों के आधार पर सभी दोषियों और हमलावरों के खिलाफ सख्त से सख्त वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# गौशाला महाराज श्री की साधना का फल : नागेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 25 जून, रमपुरवा धाम स्थित ललितांबा गौशाला का भ्रमण करते विधायक नागेंद्र सिंह जूदेव ने गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की इस अवसर पर उन्होंने गौशाला को जगतगुरु स्वामी जयराम देवाचार्य जी महाराज की तपस्या, साधना और गौसेवा के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष फल बताया।**

गौशाला पहुंचने पर विधायक का स्वागत रवि शंकर पाठक, प्रशांत द्विवेदी, चंद्र शेखर द्विवेदी सहित आश्रम के संतों, गौसेवकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य अशोक द्विवेदी एवं राजेश अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक श्री सिंह ने गौवंश के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, चारे-पानी की व्यवस्था तथा संरक्षण कार्यों को देखा और संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब निराश्रित और बेसहारा गौवंश की समस्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे समय में ललितांबा गौशाला एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। यहां बड़ी संख्या में गोवंश का पालन, पोषण और संरक्षण किया जा रहा है, जो समाज और धर्म दोनों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है निरीक्षण के दरमियान विधायक ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि गौसंरक्षण और धार्मिक संस्थाओं के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

# पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने माँ शारदा के दरबार में लगाई हाजिरी

## सीएम पर लगे आरोपों को बताया निराधार



नवभारत न्यूज

**मैहर 25 जून, मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा गुरुवार सुबह करीब 5.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे सर्किट हाउस पहुंचे और फिर त्रिकूट पर्वत पर विराजमान माँ शारदा मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।**

पूर्व गृहमंत्री ने गर्भगृह में विशेष पूजा-अर्चना कर माँ शारदा से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके परिवार पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा लगाए गए जमीन घोटाले और पद के दुरुपयोग के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ''कांग्रेस हमेशा से चरित्र हनन की राजनीति करती आई है। यह उनके नेताओं की छोटी सोच और राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। इस मामले पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहले ही तथ्यों के साथ जवाब दे चुके हैं।नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस जनता के मुद्दों से भटकाकर केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है।

# जनपद सीईओ ने किया तेलनी पंचायत का निरीक्षण

## सरपंच-सचिव को लगाई फटकार , वसूली के निर्देश



नवभारत न्यूज

**मझगवां 25 जून, मीडिया में लगातार प्रकाशित खबरों का असर मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत तेलनी में देखने को मिला। पुलिया धंसने और फर्जी लाइट बिलों के भुगतान के मामले में खबर प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को जनपद सीईओ राहुल पांडे ने तेलनी पंचायत का औचक निरीक्षण किया।**

जनपद सीईओ ने हफ्ते में चार दिन कार्यालय खोलने का भी सभी ग्राम पंचायतों को आदेश भी किये हैं जबकि ज्यादातर ग्राम पंचायतें बंद रहती थी उनका भी जनपद सीईओ द्वारा औपचारिक निरीक्षण किया गया और सरपंच सचिवों को सख्त आदेश जारी किया गया कि अब कोई भी बहाना नहीं चलेगा

**मौके पर नहीं मिला काम, लाखों का भुगतान-** निरीक्षण के दौरान सीईओ ने पाया कि पुलिया निर्माण के कुछ दिन बाद ही धंस गई थी।

वहीं बिजली के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान किया गया, लेकिन स्थल पर कोई कार्य नहीं मिला। इसके अलावा पीसीसी रोड खेतों में बनाने का आरोप है, जिसका बिना मूल्यांकन 7-8 लाख रुपये निकाल लिए गए। आरोप है कि सरपंच-सचिव ने बिना काम कराए लाखों रुपये की राशि निकाल ली।

### सीईओ ने जताई नाराजगी, वसूली के निर्देश

फील्ड की स्थिति देखकर जनपद सीईओ राहुल पांडे नाराज हो गए। उन्होंने मौके पर ही सरपंच और सचिव को जमकर फटकार लगाई। सीईओ ने जांच कर दोनों से राशि वसूल कर सरकारी खाते में जमा कराने के आदेश दे सकते हैं।

### लगातार खबरों के बाद हुई कार्रवाई

बता दें कि बीते एक माह से पुलिया टूटने और फर्जी लाइट बिल के भुगतान को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित की जा रही थीं। खबरों के असर के बाद ही जनपद सीईओ ने पंचायत पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। अब देखना यह है कि जनपद ष्टश्वह्र राहुल पांडे सरपंच-सचिव के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं और कब तक वसूली की प्रक्रिया पूरी होती है।

# सहकारी समिति में खाद वितरण में गड़बड़ी की शिकायत, किसानों में नाराजगी

नवभारत न्यूज

**कोटर 25 जून, सेवा सहकारी समिति कोटर में खाद वितरण को लेकर किसानों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं।**

पीड़ित किसान राजेन्द्र सिंह पिता रामनिहोर सिंह का आरोप है कि समिति में खाद वितरण व्यवस्था में धांधली की जा रही है, जिससे किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खाद प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक कराने के बावजूद समिति द्वारा खाद देने से मना किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि कई बार समिति पहुंचने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जबकि उनके स्लॉट पहले से निर्धारित हैं किसानों ने समिति प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। इससे खरीफ सीजन की खेती प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों की बुवाई एवं उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है जब इस संबंध में समिति प्रबंधक से बात करने की कोशिश की गई तो फोन रिसीव नहीं हुआ है.

# अधिवक्ता संघ ने सावित्री सिंह को दी श्रद्धांजलि




नवभारत न्यूज

**नागौद 25 जून, अधिवक्ता संघ नागौद कार्यालय में आज वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सिंह परिहार की माता जी सावित्री सिंह को श्रद्धांजलि दी गई ।**

श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष मनोज सिंह परिहार ,सचिव अनुराग सिंह , पृथ्वीराज सिंह ,संजीव सिंह ,मृगेंद्र सिंह, मो. हामिद, सत्यराज लोधी ,बी के त्रिपाठी ,नृपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा ,रश्मि सिंह, भारती गौतम, दीपेंद्र सिंह, अरुण श्रीवास्तव ,सिद्धार्थ सिंह ,मनोज प्रजापति, मो. अमिक ,नरेंद्र सेन और कई कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# आरक्षक रामनरेश बैगा बने प्रधान आरक्षक

- कोठी थाने में फित्ती लगाकर दी गई नई जिम्मेदारी




नवभारत न्यूज

**कोठी 25 जून, शासन के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सतना के आदेश पर आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नत हुए रामनरेश बैगा को कोठी थाना परिसर में सम्मानपूर्वक नई जिम्मेदारी सौंपी गई।**

इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी तथा सहायक उप निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय ने पदोन्नत कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रामनरेश बैगा के बाजुओं में फित्ती लगाकर उन्हें प्रधान आरक्षक पद की जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित किया।

थाना प्रभारी ने कहा कि पदोन्नति किसी भी कर्मचारी की मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम होती है। उन्होंने रामनरेश बैगा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान थाना स्टाफ के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और पदोन्नति पर रामनरेश बैगा को बधाई दी।

# 11 साल पुराने चेक बाउंस मामले में आया फैसला

- पंकज गुप्ता दोषी करार



नवभारत न्यूज

**मैहर 25 जून, वर्ष 2015 से लंबित चेक बाउंस प्रकरण में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए रामनगर निवासी पंकज गुप्ता पिता रामहित गुप्ता को दोषी करार दिया है।**

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने आरोपी को परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत दोषसिद्ध मानते हुए सजा सुनाई है।

मामला दीपक ट्रेडिंग कंपनी द्वारा दायर परिवाद से जुड़ा था। सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि आरोपी द्वारा जारी किया गया चेक बैंक से अनादरित (बाउंस) हो गया था और कानूनी नोटिस के बावजूद देय राशि का भुगतान नहीं किया गया। न्यायालय ने आरोपी को 7 लाख रुपये की मूल राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया है। साथ ही प्रतिकर राशि जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

25 जून 2026 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी संजीत चौरसिया की अदालत ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी ठहराया। आदेश के अनुसार प्रतिकर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आरोपी को तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।

# मोहर्रम के संबंध मे शांति समिति की बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 25 जून, सतना जिले के रामपुर बघेलान थाना परिसर में आगामी त्योहार मोहर्रम को देखते हुए शांति समिति की बैठक बुलाई गई।**

थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी द्वारा मौजूद आमजन से मोहर्रम त्यौहार को देखते हुए सभी से सुझाव भी मांगे,जिसमें आज रात को 2 से 4 पेट्रोलिंग में पुलिस बल रहे,एवं कल दिनांक मोहर्रम में शाम 4 से रात्रि 11 बजे तक पुलिस का जुलूस के सहयोग रहे,की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में नगर के गणमान्य जन,पत्रकार बंधु,हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे,जिस पर थाना प्रभारी रामपुर बघेलान निरीक्षक संदीप चतुर्वेदी द्वारा मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई,एवं पुलिस के हर आपेक्षित सहयोग की बात कही गई। साथ ही रामपुर थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी द्वारा साईबर अपराध के बचाव हेतु वहां मौजूद आमजन को साईबर अपराध से बचने के लिए सुझाव दिया गया।

# कबीर जयंती पर कोठी में आयोजित होगा रंगारंग कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**कोठी 25 जून, नगर परिषद कोठी के पूर्व अध्यक्ष राकेश कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कबीर जयंती के पावन अवसर पर सतना जिले के कोरी समाज द्वारा अपने आराध्य संत सम्राट सतगुरु कबीर साहेब जी की विशाल जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 26 जून 2026 दिन शुक्रवार को गुरु गंगेदास सतगुरु कबीर आश्रम कोठी में किया जा रहा है। जो समारोह पूर्वक आयोजित होगा जिसमें कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

कार्यक्रम विवरण पहला चरण 11बजे से नगर भ्रमण प्रभात फेरी दूसरा चरण संतों द्वारा प्रवचन तीसरे चरण में संस्कृति एवं चौथे चरण में अतिथियों द्वारा उद्बोधन होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना/मैहर क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह होंगे जबकि अध्यक्षता कोरी समाज के वरिष्ठ रामकृष्ण तंतुवाय करेंगे साथ ही विशिष्ट अतिथि की दीर्घा में श्रीमती सुखमंती बाई कोरी अध्यक्ष न. प.कोठी, सुभाष कोरी सदस्य जि.प.सतना, राकेश कोरी पूर्व अध्यक्ष न.प.कोठी, रामकुमार कोरी उपाध्यक्ष अ. भा.को. स. नई दिल्ली, शिवकुमार कोरी सदस्य ज.प.रैगांव, श्रीमती ममता कोरी पार्षद, श्रीमती शकुंतला कोरी पार्षद, शिवराम कोरी जिलाध्यक्ष अ.भा.को.स.जिला सतना रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक कमलेश कोरी, सुखलाल कोरी, रामजी कोरी होंगे एवं कार्यक्रम का संचालन केशव कोरी, जावेंद्र कोरी करेंगे ,कार्यक्रम भजन-कीर्तन, सत्संग, विचार गोष्ठी एवं प्रसाद वितरण के बाद समापन किया जाएगा। आयोजक मंडल ने क्षेत्र के

समस्त स्वजातीय बंधुओं, माताओं-बहनों एवं कबीरपंथी श्रद्धालुओं से विनम्र अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर सतगुरु कबीर साहेब जी के विचारों का पुण्यलाभ प्राप्त करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# मैहर में हुई फुटबॉल प्रशिक्षक की नियुक्ति

नवभारत न्यूज

**मैहर 25 मई, भारत सरकार की खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर योजना के अंतर्गत मैहर जिले में फुटबॉल प्रशिक्षक की नियुक्ति की गई है।**

इस पद पर सुश्री शालिनी सिंह अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। मध्य प्रदेश की सबसे अग्रणी खेलकूद संस्था फेंटू क्लब मैहर के द्वारा लगातार विगत वर्षों से मांग की जा रही थी की मैहर में कुशल फुटबॉल प्रशिक्षक की नियुक्ति की जाए जिससे मैहर के फुटबॉल खिलाड़ी एवं नन्हे मुन्ने बच्चे फुटबॉल खेल में अपनी कौशल कला को निखार सके और प्रदेश एवं देश में अपना नाम रोशन कर सके। मैहर के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने क्लब एवं खिलाड़ियों की मांग को स्वीकार करते हुए खेल मंत्री विश्वास सारंग जी से चर्चा के दौरान यह मांग रखी और विधायक जी के प्रयास से मैहर जिले को फुटबॉल प्रशिक्षक के रूप में यह उपलब्धि हासिल हो पाई। सुश्री शालिनी सिंह की नियुक्ति जिला एवं खेल युवा विभाग के अंतर्गत की गई है फुटबॉल प्रशिक्षक की नियुक्ति पर फेंटू क्लब के सभी पदाधिकारी सदस्यों एवं फुटबॉल खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# चित्रकूट के दो सगे भाइयों का कृषि तकनीकी सहायक पद पर चयन



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 25 जून, चित्रकूट जनपद के सुजानगंज क्षेत्र के दो सगे भाइयों ने अपनी कड़ी मेहनत और अटूट लगन से एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

सुजानगंज निवासी साधारण किसान ज्ञान सिंह के दोनों पुत्रों आशीष सिंह और अजीत सिंह का चयन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित कृषि तकनीकी सहायक के पद पर हुआ है। एक ही परिवार के दो सगे भाइयों का सरकारी सेवा में एक साथ चयन होने से न केवल परिवार, बल्कि पूरे पाठा क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

आपको बता दे कि दोनों भाइयों ने सीमित संसाधनों के बीच अपनी शिक्षा को पूरी लगन के साथ आगे बढ़ाया। बड़े भाई आशीष सिंह ने साल 2012 में राजकीय इंटर कॉलेज बांदा से हाईस्कूल और साल 2014 में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बांदा से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसके बाद उन्होंने साल 2015-2019 के सत्र में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से कृषि स्नातक की डिग्री हासिल की।

वहीं, छोटे भाई अजीत सिंह ने साल 2016 में सुमन विद्या निकेतन, नैनी से हाईस्कूल और साल 2018 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद, साल 2018-2022 के सत्र में कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज, प्रयागराज से कृषि स्नातक की शिक्षा ली और इसके बाद साल 2022-2024 में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज से बी.एड. की डिग्री भी प्राप्त की। एक साधारण किसान परिवार से निकलकर दोनों भाइयों ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर जो यह मुकाम हासिल किया है, उसने ग्रामीणों और युवाओं के बीच एक नई प्रेरणा जगाई है। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया कि सीमित संसाधनों के बावजूद अगर लगन और निरंतर प्रयास किया जाए, तो बड़ी से बड़ी मंजिल प्राप्त की जा सकती है। चयन की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि यह गौरवशाली उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और वे आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए समाज व क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।